प्रश्न पत्र 2017–18
कक्षा – 10वीं
विषय – हिन्दी
सेट – अ

समय –3 घण्टा पूर्णांक– 75

निर्देश:-

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 (अ) बहुविकल्पीय ,(ब) खाली स्थान की पूर्ति से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। (स) उचित संबंधो को मिलान करना है। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। (1 ×15 = 15 अंक)
3. प्रश्न क्रमांक 2 से प्रश्न क्रमांक 6 तक अति लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 30 शब्द है। (2 × 5 = 10 अंक)
4. प्रश्न क्रमांक 7 से प्रश्न क्रमांक 10 तक लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 50 शब्द है। (3 × 4 = 12 अंक)
5. प्रश्न क्रमांक 11 से प्रश्न क्रमांक 15 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द है। (4 × 5 = 20 अंक)
6. प्रश्न क्रमांक 16 अपठित गंद्यांश तथा प्रश्न क्रमांक 17 पत्र लेखन से संबंधित हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 150 शब्द है। (5 × 2 = 10 अंक)
7. प्रश्न क्रमांक 18 निबंध लेखन है जिसमें 8 अंक निर्धारित है। (8 × 1 = 8 अंक)

---

प्रश्न क्र . 1. खण्ड (अ) निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गए हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है।

1. नागार्गुन का असली नाम था –

(अ) मुंशी प्रेमचंद (ब) हरिशंकर परसाई
(स) वैद्यनाथ मिश्र (द) ऋतुराज

2.'जनतंत्र का जन्म' कविता लिखी गई थी –

(अ) आजादी के पहले (ब) संविधान लागू होने से पहले
(स) आजादी के समय (द) संविधान लागू होने के समय

3. माटीवाली माटी लाती थी –

(अ) नहर से (ब) खेत से
(स) माटाखान से (द) बाँध से

4. वीर नारायण सिंह जमींदार थे–

(अ) नागपुर (ब) सोनाखान
(स) बस्तर (द) जशपुर

5. मरिया पाठ संबंधित है –

(अ) मरने से (ब) जाति से
(स) शमसान से (द) मृत्युभोज से

**प्रश्न क्र. 1. खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है।**

1. मानसरोवर में ......................... खिला हुआ है।
2. कोलोसियम .............................. में स्थित है।
3. घीसा पाठ महादेवी वर्मा लिखित ......................... विधा में है।
4. देवार गीत में ........................... वाद्ययंत्र प्रयोग में लाये जाते है।
5. निर्झर में गति है, ................................... है, वह आगे बढ़ता है।

**प्रश्न क्र. 1. खण्ड (स) नीचे दिये गये स्तंभ 'अ' के साथ स्तंभ 'ब' के कथनों का उचित संबंध बनाकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. हरिगीतिका छंद | कृषक बालिका |
| 2. मधुलिका | झाँसी वाली रानी |
| 3. सुभद्रा कुमारी चौहान | नदी |
| 4. नर्मदा | 28 मात्राएँ |
| 5. सोण | नद |

**प्रश्न क्र. 2. कवि सारस के जुगुल जोड़ी से क्या सुनना चाहता है?**

**प्रश्न क्र. 3. श्रम शक्ति की इकाई किसे कहा गया है?**

**प्रश्न क्र. 4. निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए**

(अ) दिल गवाही नहीं देना।

(ब) दिमाग चकराना।

**प्रश्न क्र. 5. छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख लोकगीत गायकों के नाम लिखिए।**

**प्रश्न क्र. 6. भक्तिकाल में किस तरह के रचनाओं की प्रधानता रही है? किन्हीं दो रचनाओं एवं रचनाकार का नाम लिखिए।**

**प्रश्न क्र. 7. कोशल में आयोजित होने वाले उत्सव के परम्परागत नियम क्या थे? लिखिए।**

**प्रश्न क्र. 8. जमीदार होने के बाद भी शहीद वीर नारायण सिंह जनता के बीच किन कारणों से लोकप्रिय थे? किन्ही तीन कारणों का उल्लेख कीजिए।**

**प्रश्न क्र. 9. 'गई कुमति, लई साधू की संगति' से कवि का क्या आशय है? लिखिए।**

**प्रश्न क्र. 10. आदिकाल को किन–किन नामों से जाना जाता है? इसकी किन्ही दो विशेषताओं को बताइए।**

**प्रश्न क्र. 11. निम्नालिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए –**

छोटे–छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिण कणों को ,
मानसरोवर के उन स्वर्णिम,
कमलों पर गिरते देखा है
बादल को घिरते देखा है।

अथवा

बंद हुआ क्रंदन, फिर उनमें
उस महान सरवर के तीरे
शेवालों की हरी दरी पर
प्रणय कलह छिड़ते देखा है।
बादल का घिरते देखा है।

**प्रश्न क्र. 12. अनुप्रास अंलकार से आप क्या समझते हैं? उदाहरण के माध्यम से समझाइए?**

**अथवा**

**दिए गए श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए :–**

(क) कीला और किला
(ख) परीक्षा और परिक्षा

**प्रश्न क्र. 13. 'मरिया' प्रथा ने सिकुमार की जिंदगी को किस तरह बदल दिया?**

**अथवा**

**वैद्य ने रामचरण के लकवे के उपचार के लिए काले कबूतर के खून से मालिश करने का उपाय बताया, आपके आस–पास भी कई बीमारियों के ऐसे ही अंधविश्वास भरे इलाज किए जाते होंगे। किसी एक के बारे में लिखिए।**

**प्रश्न क्र. 14. निम्नलिखित गद्यांश का आशय स्पष्ट कीजिए।**

हिलना और झुकना अर्थात परिस्थितियों से समझौता। जिस जीवन में समझौता नहीं, समन्वय नहीं, सामंजस्य नहीं वह जीवन कहाँ है? वह तो जीवन की जड़ता है, जैसे यह ठूँठ और जैसे यह पहाड़ का शिखर।

**अथवा**

बात यह है कि हमारा जीवन भी इस वृक्ष की तरह होना चाहिए कि उसका कुछ भाग हिलने झुकने वाला हो ओर कुछ भाग स्थिर रहने वाला, यह जीवन की पूर्ण कृतार्थता है।

**प्रश्न क्र. 15. मीरा के पद में 'राम रतन धन' को जनम–जनम की पूंजी कहने का आशय क्या है? लिखिए।**

अथवा

'भाइ रे ऐसा पंथ हमारा' पद में संत कवि दादू दयाल ने अपने पंथ की कौन–कौन सी विशेषताएँ बतलाई हैं? लिखिए।

प्रश्न क्र. 16. आपका नाम इंदिरा उइके है तथा आप शा.उ.मा.वि. बालसमुंद कक्षा –10वीं की छात्रा हैं। अपने शाला के प्राचार्य को शैक्षणिक भ्रमण की अनुमति हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए

अथवा

आपके द्वारा की गई किसी दर्शनीय स्थल की यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

प्रश्न क्र. 17. अपने राष्ट्र के प्रति प्रेम होना स्वाभाविक एवं अनिवार्य है क्योंकि माँ और मातृभूमि स्वर्ग मानी गयी है। राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है कि हमारे अंदर राष्ट्रीयता कूट–कूट कर भरी हो। प्रगतिशील राष्ट्रों का इतिहास गवाह है कि वहाँ के नागरिकों में राष्ट्रीयता की भावना का विकास पूर्ण रूपेण था। आज धर्म, भाषा, सम्प्रदाय एवं अन्य स्वार्थ राष्ट्र को कमजोर बनाने लगे हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम जिस राष्ट्र में पैदा हुए हैं, आवश्यकता पड़ने पर उस पर अपनी जान न्यौछावर कर उस राष्ट्र को गौरवान्वित करें।

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
2. स्वर्ग से महान किसे माना गया है?
3. प्रगतिशील राष्ट्रों की क्या विशेषता बतायी गई है?

प्रश्न क्र. 18. निम्न में से किसी एक विषय पर अपने विचार लिखिए

1. देश के विकास में मजदूरों की भूमिका
2. स्वच्छता और हमारी भूमिका
3. देश के विकास में नारी के बढ़ते कदम
4. पर्यावरण और हमारा दायित्व

प्रश्न पत्र 2017–18

कक्षा – 10वीं

विषय – हिन्दी

सेट – ब

समय –3 घण्टा | पूर्णांक– 75

निर्देशः–

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 (अ) बहुविकल्पीय ,(ब) खाली स्थान की पूर्ति से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। (स) उचित संबंधो को मिलान करना है। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। (1 ×15 = 15 अंक)
3. प्रश्न क्रमांक 2 से प्रश्न क्रमांक 6 तक अति लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 30 शब्द है। (2 × 5 = 10 अंक)
4. प्रश्न क्रमांक 7 से प्रश्न क्रमांक 10 तक लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 50 शब्द है। (3 × 4 = 12 अंक)
5. प्रश्न क्रमांक 11 से प्रश्न क्रमांक 15 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द है। (4 × 5 = 20 अंक)
6. प्रश्न क्रमांक 16 अपठित गंद्यांश तथा प्रश्न क्रमांक 17 पत्र लेखन से संबंधित हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 150 शब्द है। (5 × 2 = 10 अंक)
7. प्रश्न क्रमांक 18 निबंध लेखन है जिसमें 8 अंक निर्धारित है। (8 × 1 = 8 अंक)

---

प्रश्न क्र . 1. खण्ड (अ) निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गए हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है।

1. बादल को घिरते देखा हैं कविता के रचनाकार है –

(अ) नागार्जुन (ब) महादेवी वर्मा
(स) दानेश्वर वर्मा (द) भगवती लाल सेन

2. हरिशंकर परसाई थे –

(अ) उपन्यासकार (ब) कवि
(स) व्यग्यंकार (द) एकांकीकार

3. बैलगाड़ी से रथ बने, रथ से .................. –

(अ) कार (ब) रेलगाड़ी
(स) वायुयान (द) महारथ

4. 'जीवन का झरना' कविता का मुख्य भाव है–

(अ) रूकना (ब) पीछे मुड़कर देखना
(स) पश्चाताप करना (द) जीवन में आगे बढ़ना

5. मीरा बाई अमूल्य धन पा लेती है –

(अ) संपत्ति (ब) सोने की मुहरें
(स) कृष्ण धन (द) राम रतन धन

**प्रश्न क्र. 1. खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है।**

1. नर्मदा की सखी .......................... थी।
2. पुरस्कार कहानी में राष्ट्रीय नियमानुसार ................................ मूल्य दिया जाता था।
3. रामचरण के बेटे का नाम ............................ था।
4. वितत् विजन के शांत प्रांत में ........................ नदी के तीरे।
5. वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ के ..............................थे।

**प्रश्न क्र. 1. खण्ड (स) नीचे दिये गये स्तंभ 'अ' के साथ स्तंभ 'ब' के कथनों का उचित संबंध बनाकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक उचित संबंध पर 01 अंक निर्धारित है।**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. ठिंगना चना | सेक्सरिया पुरस्कार |
| 2. जनतंत्र का जन्म | परिस्थितियों से समझौता |
| 3. नीरजा | बाल्मीकि का आश्रम |
| 4. तुरतुरिया | बाँधे मुरैठा |
| 5. हिलना और झुकना | कविता |

**प्रश्न क्र. 2. 'मोती जैसे शीतल तुहिन कण कहाँ पर गिर रहे है?**

**प्रश्न क्र. 3. मिट्टी ताज पहनकर क्यों इठला रही है?**

**प्रश्न क्र. 4. 'कन्यादान' कविता में माँ अपनी बेटी को 'पानी में झाँककर अपने चहरे पर मत रीझना''। क्यों कहती है?**

**प्रश्न क्र. 5. कवि चिड़ियों को बुलाने के लिए कौन–कौन से उपाय करता है?**

**प्रश्न क्र. 6. रीति सिद्ध काव्यधारा क्या है?**

**प्रश्न क्र. 7. माटीवाली से महिलाएँ माटी लेकर क्या–क्या उपयोग करती थीं?**

**प्रश्न क्र. 8. वीर नारायण सिंह में कौन से मानवीय मूल्य हैं, जो उन्हें अद्वितीय सिद्ध करते हैं?**

**प्रश्न क्र. 9. जेबकतरा कहानी पढ़ने के बाद जेबकतरा द्वारा किए गए कार्य से आपके मन में कौन–कौन से भाव जागृत हुए हैं? उन्हें अपने शब्दों में लिखिए।**

**प्रश्न क्र. 10. नई कविता और समकालीन कविता में अंतर बताते हुए दो प्रमुख रचनाकारों एवं उनकी रचनाओं का नाम लिखिए।**

**प्रश्न क्र. 11. ''नर्मदा सूख जायेगी तो हम लोग कैसे बच सकेंगे '' वनवासी स्त्री द्वारा ये बात क्यों कही गयी?**

**अथवा**

**''नर्मदा नदी लोगों के जीवन को किस तरह खुशहाल बनाती है?**

**प्रश्न क्र. 12. निम्नालिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए –**

सबसे विराट, जनतंत्र जगत का आ पहुँचा,
तैंतीस कोटि–हित, सिंहासन तैयार करो,
अभिषेक आज राजा का नहीं प्रजा का हो,
तैंतीस कोटि जनता के सर पर मुकुट धरो।

**अथवा**

लेकिन होता भूडोल बवंडर उठते हैं,
जनता जब कोपाकुल हो भृकुटी चढ़ाती है,
दो राह, मय के रथ का घर्घर नाद सुनो,
सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।

**प्रश्न क्र. 13. ओज गुण की क्या पहचान है, उदाहरण द्वारा समझाइए।**

**अथवा**

**बरवै छंद को आप कैसे पहचानेंगे? उदाहरण भी दीजिए।**

**प्रश्न क्र. 14. 'जीवन का झरना' कविता में विविध बाधाओं से लड़ते हुए झरने का आगे बढ़ना बताया गया है। क्या मानव–जीवन भी ऐसा ही होता है या इससे अलग? अपने विचार लिखिए?**

**अथवा**

**'जीवन का झरना' कविता में मानव का मृत हो जाना क्यों और कब बताया गया है?**

**प्रश्न क्र. 15. मीरा को जो अमोलक वस्तु मिली है उसके बारे में वो क्या बता रही हैं? अपने शब्दों में लिखिए।**

**अथवा**

**''भाई रे! ऐसा पंथ हमारा'', पद के आधार पर दादू के पंथ के बारे में बताइए।**

**प्रश्न क्र. 16. ''मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज से अलग उसके आस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती। परिचित तो बहुत होते हैं, पर मित्र बहुत कम हो पाते हैं, क्योंकि मैत्री एक ऐसा भाव है, जिसमें प्रेम के साथ समर्पण और त्याग की भावना मुख्य होती है। मैत्री में सबसे आवश्यक है परस्पर विश्वास। मित्र एक ऐसा सखा, गुरू तथा माता है, जो सबके स्थानों को पूर्ण करता है।''**

उपर्युक्त गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
2. मैत्री में कौन–कौन से भाव सम्मिलित हैं?
3. उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्रश्न क्र. 17. किसी कारणवश आपका मन कक्षा में नहीं लग रहा है, लेकिन आध्यापक की डाँट के डर से आप पढ़ाये जा रहे पाठ को मजबूर होकर चुपचाप सुन रहे हैं। अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखकर बताइए कि आपका मन कक्षा में क्यों नहीं लग रह था?

अथवा

आपकी कक्षा में अुनशासनहीनता एवं अभद्र व्यवहार के कारण आपके कक्षाध्यापक आपकी कक्षा से बहुत नाराज हैं। आप कक्षा की ओर से किये गये दुर्व्यवहार के लिए क्षमा माँगते हुए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न क्र. 18. निम्न में से किसी एक विषय पर अपने विचार लिखिए –

1. जल संरक्षण
2. वन है तो जीवन है
3. नारी पढ़ेगी तो विकास गढ़ेगी
4. दहेज प्रथा एक अभिशाप

# प्रश्न पत्र 2017–18
## कक्षा – 10वीं
## विषय – हिन्दी
## सेट – स

समय –3 घण्टा | पूर्णांक– 75

**निर्देश:-**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 (अ) बहुविकल्पीय ,(ब) खाली स्थान की पूर्ति से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। (स) उचित संबंधो को मिलान करना है। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। (1 ×15 = 15 अंक)
3. प्रश्न क्रमांक 2 से प्रश्न क्रमांक 6 तक अति लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 30 शब्द है। (2 × 5 = 10 अंक)
4. प्रश्न क्रमांक 7 से प्रश्न क्रमांक 10 तक लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 50 शब्द है। (3 × 4 = 12 अंक)
5. प्रश्न क्रमांक 11 से प्रश्न क्रमांक 15 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द है। (4 × 5 = 20 अंक)
6. प्रश्न क्रमांक 16 अपठित गंद्यांश तथा प्रश्न क्रमांक 17 पत्र लेखन से संबंधित हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 150 शब्द है। (5 × 2 = 10 अंक)
7. प्रश्न क्रमांक 18 निबंध लेखन है जिसमें 8 अंक निर्धारित है। (8 × 1 = 8 अंक)

1.

प्रश्नः– 1. खण्ड (अ) निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गए हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है।

1. 'चंद्रगहना ' पाठ के कवि है –

   (अ) रामधारी सिंह दिनकर (ब) आरसी प्रसाद सिंह

   (स) सतीश जायसवाल (द) केदारनाथ अग्रवाल

2. रामधारी सिंह दिनकर को निम्न में से कौन सा पुरस्कार या सम्मान नहीं मिला ?

   (अ) भारत रत्न (ब) साहित्य अकादमी

   (स) भारतीय ज्ञानपीठ (द) पद्म विभूषण

3. घीसा, लेखिका को किस नाम से बुलाता था?

   (अ) मैडम जी, (ब) गुरू साहब

   (स) बहनजी, (द) मेमसाहब

4. डॉ. परदेशी राम वर्मा की रचना 'आरूगफूल किसके जीवन पर आधारित है–

   (अ) झाडूराम देवांगन (ब) देवदास बंजारे

   (स) तीजनबाई (द) दाउरामचन्द्र देशमुख

5 'झासीवाली रानी' नामक कविता की कवयित्री का नाम है–

   (अ) सुभद्रा कुमारी चौहान (ब) महादेवी वर्मा

   (स) महाश्वेता देवी (द) अमृता प्रीतम

**प्रश्न क्र. 1 खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है।**

1. रामधारी सिंह दिनकर को ..........................................की उपाधि से संबोधित किया जाता है।
2. 'गरीब आदमी का शमशान नहीं उजड़ना चाहिए।' यह वाक्य .......................................... पाठ से लिया गया है।
3. छत्तीसगढ़ में त्यौहारों का सत्र **वर्षाऋतु** में ..................................................पर्व से प्रांरभ होता है।
4. 'जेबकतरा' पाठ में लेखक की माँ को मानीआर्डर ....................................................... ने भेजा था।
5. हरिगीतिका छंद के प्रत्येक चरण में ..................................................... मात्राएँ होती हैं।

**प्रश्न क्र. 1. खण्ड (स) नीचे दिये गये स्तंभ 'अ' के साथ स्तंभ 'ब' के कथनों का उचित संबंध बनाकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. जेबकतरा | कहानी |
| 2. घीसा | व्यंग्य |
| 3. अपनी–अपनी बीमारी | लघुकथा |
| 4. पुरस्कार | रेखाचित्र |
| 5. मैं लेखक कैसे बना | आत्मकथा |

**प्रश्न 2. अलसी के मनोभावों का वर्णन कीजिए।**

**प्रश्न 3 द्वन्द समास की क्या पहचान है?**

**प्रश्न 4. चिड़ियों को आमंत्रित करने के लिए कवि ने क्या–क्या किया ?**

**प्रश्न 5. 'बरवै' छंद अर्धसममात्रिक छंद है। कैसे?**

**प्रश्न 6. 'साध' कविता की कवयित्री को किस प्रकार का जीवन व्यतीत करने की चाहत है?**

**प्रश्न 7. नार्मन गार्ट्सबी को युवक की कहानी का कौन – सा मुद्दा कमजोर लगा?**

**प्रश्न 8. 'नर्मदा सूख जायेगी तो हम लोग कैसे बचेंगे? वनवासी स्त्री द्वारा ये बात क्यों कही गई है?**

**प्रश्न 9. मजदूर नही होते तो हमारी दुनिया के विकास कार्यो का क्या होता? कल्पना कर अपने शब्दों में लिखिए।**

**प्रश्न 10 अपने हिस्से की पाँच जलेबियों का बँटवारा घीसा ने किस प्रकार किया?**

**प्रश्न 11. 'गुँगुवावत मया भभक जाय', का क्या आशय है?**

**प्रश्न 12. बाँस के हरे भरे पेड़ ओर ठूँठ किस मानवीय भाव को प्रकट करते हैं? अपने शब्दों में लिखिए।**

**प्रश्न 13 ''दादू धटि कस्तूरी मृग के, भरमत फिरे उदास अंतर गति जाणे नही, ताथै सूंघे घाँस''। पद्य की इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट करें।**

प्रश्न 14. सिकुमार किसान से मजदूर कैसे बन गया?

अथवा

मरिया प्रथा पर आप अपने विचार लिखिए।

प्रश्न 15. संपूर्ण कविता में 'झरना' मानव जीवन के विभिन्न भाव बोधों से जुड़ता है, कैसे ? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

'झरना' कविता में 'बाधा के रोड़ों से लड़ता' का आशय जीवन को कब–कब और कैसे प्रभावित करता है? अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न 16. आपका नाम दीपिका साव है। आप कन्हारपुरी, वार्ड 33, राजनांदगांव में रहती हैं। आपकी सहेली मोनिका साव शंकर नगर, रायपुर में रहती हैं। अपनी परीक्षा की तैयारियों का उल्लेख करते हुए उन्हें एक पत्र लिखिए।

अथवा

आपका नाम भावेश कुमार साहू है। आप छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कन्हारपुरी में नियमित विद्यार्थी के रूप में प्रतिवत हुए हैं। आपके प्रवेश पत्र में आपके नाम की वर्तनी गलत है। इसमें सुधार हेतु परीक्षा केन्द्राध्यक्ष के माध्यम से सचिव, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर को एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न 17. निम्न गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा दिये गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

'' वास्तविकता यह कि उपनिवेशवाद अंग्रेजी के रूप में नये परिवेश में प्रस्तुत हो रहा है। एक आँकडे के अनुसार आस्ट्रेलिया की 150 जन–भाषाएँ समाप्त हो गई। उपनिवेश काल में विदेशी भाषा के आक्रमण के सामने वे जन–भाषाएँ टिक नहीं पाई। यदि पहली कक्षा से पाठ्यक्रम में मातृ **भाषा** छत्तीसगढ़ी हल्बी तथा गोंड़ी अपने–अपने क्षेत्र में अनिवार्य रूप से शामिल नहीं की गई तो तय है कि आनेवाली दो पीढ़ियों के बाद ये जनभाषाएँ अंग्रेजी के दबाव के कारण समाप्त हो जाएँगी। केवल ये भाषाएँ ही समाप्त नहीं होंगी, उनकी संस्कृति ओर कलाएँ भी समाप्त हो जाएँगी। छत्तीसगढ़ महतारी छत्तीसगढ़ी बोलती है। इस बोली को हमने अपने महतारी के दूध के साथ–साथ ग्रहण किया है। महतारी की उपेक्षा करनी हो तो उसकी बोली को अनसुना कर दिया जाए। गांधीजी के अनुसार राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र नहीं बन सकता। उसी प्रकार राजभाषा के बिना राज्य नहीं बन सकता। ''

**प्रश्नः–**

(अ) उपनिवेशवाद नये परिवेश में अंगेजी के माध्यम से प्रस्तुत हो रहा है।' इसका आशय क्या है?
(ब) आस्ट्रेलिया की 150 जन–भाषाएँ क्यों समाप्त हो गई ?
(स) जन–भाषा के साथ–साथ कौन–कौन से लोक तत्व जुड़े रहते हैं?
(द) 'छत्तीसगढ़ महतारी छत्तीसगढ़ी बोलती है' इस कथन का अभिप्राय क्या है?
(इ) 'राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र नहीं बन सकता।' क्यों?

**प्रश्न 18 . निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए।**

(अ) मोबाइल – आज की आवश्यकता।
(ब) पेयजल – समस्या और समाधान
(स) पर्यावरण संरक्षण में मेरी भूमिका
(द) विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियाँ।

प्रश्न पत्र 2017–18

कक्षा – 10वीं

विषय – हिन्दी

सेट – द

समय –3 घण्टा पूर्णांक– 75

**निर्देश:-**

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 (अ) बहुविकल्पीय ,(ब) खाली स्थान की पूर्ति से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। (स) उचित संबंधो को मिलान करना है। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। (1 ×15 = 15 अंक)
3. प्रश्न क्रमांक 2 से प्रश्न क्रमांक 6 तक अति लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 30 शब्द है। (2 × 5 = 10 अंक)
4. प्रश्न क्रमांक 7 से प्रश्न क्रमांक 10 तक लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 50 शब्द है। (3 × 4 = 12 अंक)
5. प्रश्न क्रमांक 11 से प्रश्न क्रमांक 15 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द है। (4 × 5 = 20 अंक)
6. प्रश्न क्रमांक 16 पत्र लेखन तथा प्रश्न क्रमांक 17 अपठित गंद्यांश से संबंधित हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 150 शब्द है। (5 × 2 = 10 अंक)
7. प्रश्न क्रमांक 18 निबंध लेखन है जिसमें 8 अंक निर्धारित है। (8 × 1 = 8 अंक)

---

प्रश्न क्र . 1 खण्ड (अ) निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गए हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है।

1. ''बादल को घिरते देखा है'' पाठ के कवि का नाम है?

   (अ) नागार्जुन (ब) केदार नाथ अग्रवाल
   (स) रामधारिसिंह दिनकर (द) महादेवी वर्मा

2. शब्द के वाच्यार्थ या मुख्यार्थ से भिन्न अर्थ प्रकट होते है तब उत्पन्न भाव को कहते हैं –

   (अ) अभिधा शक्ति (ब) व्यंजना शक्ति
   (स) लक्षणा शक्ति (द) माधुर्य गुण

3. घीसा जब पढ़ने गया तब उसकी अवस्था थी –

   (अ) 8 वर्ष (ब) 7 वर्ष
   (स) 6 वर्ष (द) 9 वर्ष

4. पंथी नृत्य में बजाया जाता है –

   (अ) तबला (ब) रूंझू
   (स) मांदर (द) चिकारा

5. 'दुब्बर बर दू अषाढ़ ' कहावत का अर्थ है–

   (अ) विपदाग्रस्त व्यक्ति पर और विपदा आना।
   (ब) वर्ष में दो अषाढ़ मास का आना।
   (स) अषाढ़ मास में व्यक्ति कमजोर हो जाता है।
   (द) उपर्युक्त तीनों सही है।

**प्रश्न क्र. 1 खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।**

1. गीजा और सकारा ................................ के लिए प्रसिद्ध है।
2. अरूण .............................. का राजकुमार था।
3. 'प्राणों की आहुति देना' मुहावरे का अर्थ ................................ होता है।
4. दादू दयाल भक्तिकाल निर्गुण भक्ति शाखा के ................................ कवि हैं।
5. हेक्टर हयू मुनरो ''साकी'' का निधन 1916 में ............................... में हुआ ।

**प्रश्न क्र. 1. खण्ड (स) नीचे दिये गये स्तंभ 'अ' के साथ स्तंभ 'ब' के कथनों का उचित संबंध बनाकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. जनतंत्र का जन्म | अभिधा शक्ति |
| 2. मिट्टी से भरा एक कंटर | ओज गुण |
| 3. शील के बरवै छन्द | रूपक अलंकार |
| 4. भूख तो अपने में एक साग होती है। | लक्षणा शक्ति |
| 5. मैया मैं तो चंद्र खिलौना लैहों | माधुर्य गुण |

**प्रश्न क्र. 2 'बादल को घिरते देखा है' कविता में कवि ने कस्तूरी मृग का उल्लेख किस संदर्भ में किया है?**

**प्रश्न क्र. 3 कोलोसियम के बारे में आप क्या जानते हैं।**

**प्रश्न क्र. 4. 'गृहप्रवेश 'कविता के अनुसार दूसरी बार चिड़िया बाहर से ही क्यों नहीं लौटी ?**

**प्रश्न क्र. 5. निम्न शब्दों के हिन्दी समानार्थी शब्द बताइए –**

**गदक, कपार, गुंगुवाना, भभकना**

**प्रश्न क्र .6. मीरा बाई का जन्म कहाँ और किस परिवार में हुआ था?**

**प्रश्न क्र. 7. जीवन का झरना कविता में '' बाधा के रोड़ो से लड़ता '' से कवि का क्या आशय है?**

**प्रश्न क्र. 8. निम्न पर टिप्पणी लिखिए –**

**(अ) मेकल (ब) माई की बगिया**

प्रश्न क्र. 9. कवि ने जनता के लिए सिंहासन खाली करने को क्यों कहा है?

प्रश्न क्र. 10. घीसा ने गुरू साहिबा को क्या भेंट दी? यह सामग्री उसने कैसे जुटाई ?

प्रश्न क्र. 11. ''सुसकत आवत होही भइया मोर '' पँक्ति के अनुसार दुल्हन की मनोदशा का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न क्र. 12. ''विश्व की जीवन प्रणाली कह सुन।'' इस कथन का भाव स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न क्र. 13. साबुन की टिकिया युवक की नहीं, वृद्ध की थी। यह जानकर नार्मन गार्ट्सबी की दशा क्या हुई होगी?

प्रश्न क्र. 14. कविता के शीर्षक ''साध'' से जीवन की जिन अभिलाषाओं का बोध होता है, उन्हें अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

''तुम कविता के प्राण बनो, मैं उन प्राणों की आकुल तान।
निर्जन वन को मुखरित कर दे, प्रिय! अपना सम्मोहन गान। ''

उपरोक्त काव्य पँक्तियों का भाव अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न क्र. 15. लेखक बनने के लिए शरत बाबू के क्या –क्या सुझाव थे? लिखिए।

अथवा

आपके मन में भी कुछ बनने के विचार आते होंगे। आप क्या बनाना चाहते हैं और क्यों?

प्रश्न क्र. 16. आपका नाम विभाष कुमार आर्य है आप शासकीय उच्चतरमाध्यमिक शाला कन्हारपुरी में कक्षा दसवीं के नियमित विद्यार्थी हैं। आपके पिताजी का स्थानांतरण रायपुर हो जाने के कारण अब आपका परिवार भी रायपुर में रहने लगा है। शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र हेतु आप अपने शाला के प्राचार्य को आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

आपका नाम शुभ्रा तिवारी है। आप कन्हारपुरी, वार्ड 33, राजनांदगाँव में रहती हैं। आपने वार्ड में स्वच्छता अभियान हेतु अपने साथियों के साथ स्वच्छता दल का गठन किया है। अपने इस अभियान को गति देने के लिए आपको नगर पालिक निगम से सहायता की आवश्यकता है। इस संदर्भ में आप आयुक्त, नगर पालिक निगम राजनांदगांव को एक आवेदन पत्र लिखिए।

प्रश्न क्र. 17. निम्नांकित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा गद्यांश के अंत में दिये गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नो के उत्तर लिखिए –

'' लोकोक्ति है कि ''कोस–कोस में पानी बदले, चार कोस में बानी।'' अर्थात हर एक कोस (तीन किलोमीटर) में पानी बदल जाता है और चार कोस (बारह किलोमीटर) में बोली। छत्तीसगढ़ में छोटी–बड़ी 42 बोलियाँ हैं लेकिन जो भाषा पूरे छत्तीसगढ़ में बोली व समझी जाती है, वह छत्तीसगढ़ी ही है। उदाहरण के लिए – हिन्दी के 'इस तरह' को छत्तीसगढ़ी में कहीं–कही पर ''ए कोती'' कहीं–कही पर ''ए डहर'' और कहीं–कही पर ''एंलंग'' कहा जाता है। लेकिन इस व्यापकता से छत्तीसगढ़ी की भाषायी समृद्धि व शब्दकोश की विशालता पुष्ट होती है। छत्तीसगढ़ में बोली जाने वाली हर भाषा छत्तीसगढ़ी ही है। रूप में भिन्नता अवश्य दिखती है लेकिन स्वरूप एक ही है। संस्कृत् उर्दू, उड़िया, मराठी, खलटाही, लरिया आदि का पुट भी छत्तीसगढ़ी में मिलता है जिसे भारत के अन्य प्रांतों भाषा की की तरह छत्तीसगढ़ी ने भी स्वीकार कर लिया है। छत्तीसगढ़ मानसिक, भाषिक, सामाजिक आदि अनेक दृष्टिकोणों से उदार है। यह केवल छत्तीसगढ़ियों का नहीं, छत्तीस गुणों का भी घर है। ''

प्रश्न :–

1. 'कोस शब्द को स्पष्ट कीजिए।
2. छत्तीसगढ़ की भाषायी समृद्धि को समझाने के लिए गद्यांश में कौन सा उदाहरण दिया गया है?
3. ''छत्तीसगढ़ में बोली जाने वाली हर भाषा छत्तीसगढ़ी है।'' इस कथन पर आप अपना अभिमत दीजिए।
4. छत्तीसगढ़ी भाषा में किन–किन भाषाओं के शब्द मिलते हैं?
5. ''छत्तीसगढ़ी केवल छत्तीस गढ़ों का नहीं, छत्तीस गुणों का भी घर है। '' इस कथन का आशय क्या हैं?

प्रश्न क्र. 18. निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए –

(अ) मेरा प्रिय खेल

(ब) ज्ञान का महासागर – इंटरनेट

(स) अंतरिक्ष में भारत

(द) अनुशासन का महत्व

प्रश्न पत्र 2017–18
कक्षा – 10वीं
विषय – हिन्दी
सेट – ई

समय –3 घण्टा पूर्णांक– 75

निर्देश:-

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
2. प्रश्न क्रमांक 1 (अ) बहुविकल्पीय ,(ब) खाली स्थान की पूर्ति से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा (स) सत्य/असत्य बताइए प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है। (1 ×15 = 15 अंक )
3. प्रश्न क्रमांक 2 से प्रश्न क्रमांक 6 तक अति लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 30 शब्द हैं (2 × 5 = 10 अंक)
4. प्रश्न क्रमांक 7 से प्रश्न क्रमांक 10 तक लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 50 शब्द हैं (3 × 4 = 12 अंक )
5. प्रश्न क्रमांक 11 से प्रश्न क्रमांक 15 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 75 शब्द हैं (4 × 5 = 20 अंक)
6. प्रश्न क्रमांक 16 अपठित गंद्यांश तथा प्रश्न क्रमांक 17 पत्र लेखन से संबंधित हैं, प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित है। उत्तर की शब्द सीमा 150 शब्द हैं (5 × 2 = 10 अंक)
7. प्रश्न क्रमांक 18 निबंध लेखन है जिसमें 8 अंक निर्धारित है। (8 × 1 = 8 अंक)

---

प्रश्न क्र. 1. खण्ड (अ) निम्नांकित बहुविकल्पीय प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गए हैं। सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर पर 01 अंक निर्धारित है।

1. बाल–सुलभ क्रीडाओं की भूमि रही है –

(अ) गुलबकावली (ब) सोनमुड़ा
(स) माई की बगिया (द) जुहिला

2. वीर रस के कवि के रूप में जाने जाते हैं –

(अ) कबीर दास (ब) सूरदास
(स) विद्यापति (द) भूषण

3. 'घीसा' गद्य की विद्या है –

(अ) रेखाचित्र (ब) संस्मरण
(स) आत्मकथा (द) जीवनी

4. श्रीमती तीजन बाई गायिका हैं –

(अ) सुआ गीत (ब) देवार गीत
(स) भरथरी (द) पंडवानी

5. रामचरण ग्रस्त हो गया था –

(अ) हैजा (ब) पीलिया
(स) लकवा (द) मलेरिया

**प्रश्न क्र. 1 खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

1. छत्तीसगढ़ी लोक गीतों में कबीर के हंसा को ........................ का प्रतीक माना गया है।
2. दुब्बर बर दू असाढ़ होथे विद्या................................है।
3. 'कन्हैया लाल मिश्र प्रभाकर ........................... के संपादक थे।
4. 'साध' कविता में .................................... गुण है।
5. मधुलिका ने महाराज से .............................नाले के समीप की भूमि माँगी।

**प्रश्न क्र. 1 खण्ड (स) सत्य/असत्य बताइए–**

1. जड़ में चेतन का आरोप होने पर मानवीकरण अलंकार होता है।
2. रामाधारी सिंह दिनकर छायावादोत्तर कवि हैं।
3. 'माटीवाली' में विस्थापन की समस्या की पीड़ा है।
4. आरसी प्रसाद सिंह अच्छे निबंधकार हैं।
5. प्लुत स्वरों का प्रयोग वैदिक मंत्रों में नहीं होता है।

**प्रश्न क्र. 2 बालारूण से कवि  का क्या तात्पर्य है?**

**प्रश्न क्र. 3 टैक्स की बीमारी से क्या आशय है?**

**प्रश्न क्र. 4'लड़की होना पर लड़की जैसी दिखाई मत देना' ऐसा क्यों कहा गया है ?**

**प्रश्न क्र. 5. आइने के काँच में झाँकने से कवि को क्या अनुभव हुआ ?**

**प्रश्न क्र .6. भक्तिकाल की कौन –कौन सी शाखाएँ है?**

**प्रश्न क्र. 7. ऐसे कौन से कारण थे जिसके कारण मधुलिका चिल्ला उठी – ''बांध लो मुझे। मेरी हत्या करो। मैंने अपराध ही ऐसा किया है''**

**प्रश्न क्र. 8. स्मिथ ने खाली ग्राम में आग क्यों लगा दी?**

**प्रश्न क्र. 9. जेब कतरा ने लेखक की माँ को मनी आर्डर क्यों भेजा?**

**प्रश्न क्र. 10. आप किन प्रवृत्तियों को आदिकालीन साहित्य की तीन प्रमुख प्रवृत्तियाँ मानते हैं?**

**प्रश्न क्र. 11. पद्यांश की विवेचना कीजिए –**

देखता हूँ मैं स्वयंबर हो रहा है,
प्रकृति का अनुराग – अंचल हिल रहा है
इस विजन में
दूर व्यापारिक नगर से
प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है।
और पैरों के तले है एक पोखर,
उठ रहीं इसमें लहरियाँ
नील तल में जो उगी है घास भूरी
ले रही वह भी लहरियाँ

अथवा

निशाकाल के चिर–अभिशापित
बेबस उन चकवा –चकई का
बंद हुआ क्रंदन, फिर उनमें
उस महान सरवर के तीरे
शैवालों की हरी दरी पर प्रणय कलह छिड़ते देखा है
बादल को घिरते देखा है।

**प्रश्न क्र. 12. गद्यांश की विवेचना कीजिए–**

मेरे निर्माण की परिधि की व्यापकता अनंत है, उदयाचल से अस्ताचल तक, क्षितिज के छोरों तक। हजारों वर्ष पहले कलयुग भी जब अभी अंतराल के गर्भ में था, मैंने नदियों के बहाव रोक दिए, जो अभी ताजा थे, प्रखर प्रकृति वेग से प्रेरित। बहाव रोक कर सविस्तृत ह्रद बनाए, जिन पर पर्जन्य विरहित भूमि की उर्वरा शक्ति अवलंबित हुई।

अथवा

वे तीनों प्रसन्न हैं कि उनके दुखों से आखिर दुखी हो ही गया। तरह तरह के संघर्ष में तरह–तरह के दुःख हैं।एक जीवित रहने का संघर्ष है और एक सम्पन्नता का संघर्ष है। एक न्यूनतम जीवन – स्तर न कर पाने का दुःख है, एक पर्याप्त सम्पन्नता न होने का दुःख है। ऐसे में कोई अपने टुच्चे दुःखों को लेकर कैसे बैठे ?

**प्रश्न क्र. 13. 'सुनवइया सबो गदक जाए' कहकर कवि क्या संदेश देना चाहता है?**

**अथवा**

**ऐसे कौन से कारण थे जिनके कारण सिकुमार किसान से बनिहार हो गया ?**

**प्रश्न क्र. 14. निर्झर और जीवन में आप क्या– क्या समानताएँ देखते हैं?**

**अथवा**

**मनुष्य के स्वभाव की तुलना बाँझ के हरे–भरे पेड़ और ठूँठ से क्यों की गई है?**

**प्रश्न क्र. 15. क्या मीरा का एकमात्र उद्‌देश्य कृष्ण को पाना था ? तर्क दीजिए।**

**अथवा**

**ऐसे कौन से कारण होते हैं जिनके कारण नए लेखकों की रचनाएँ प्रकाशित नहीं हो पाती हैं?**

**प्रश्न क्र. 16. परीक्षा की तैयारी हेतु मित्र को प्रोत्साहित करते हुए एक पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**परीक्षाकाल में ध्वनिविस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध लगाने हेतु अपने जिलाधीश को एक पत्र लिखिए।**

**प्रश्न क्र. 17. अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

किसी भी प्रकार की सफलता के ताले को खोलने के लिए परिश्रम नाम की कुंजी की आवश्यकता होती है। सफल जीवन का रहस्य ही परिश्रम है। परिश्रम करने वाले बाधाओं से घबराते नहीं अपितु वे और प्रोत्साहित हो कर उनका डटकर सामना करते है। बया, मधुमक्खी, चींटीं और दीमक अथक परिश्रम करने वालों के सुन्दर उदाहरण हैं। परिश्रम का दूसरा नाम ही तपस्या या साधना है। सभी कार्यों की सिद्धि उद्यम अथवा परिश्रम से ही होती है, केवल मनोरथ से नही। जीवन में प्रत्येक व्यक्ति सुखी रहना चाहता है, परन्तु यह परिश्रम के बिना संभव नहीं। सुखमय जीवन व्यतीत करने वाले और परिश्रम से कतराने वाले विद्यार्थी को कभी ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। वह सदैव असफल ही रहता है। जो पुरूष भाग्य पर निर्भर रहते हैं, उन्हें कायर ही कहा जाना चाहिए। वे हमेशा अपने जीवन में दुखी रहते हैं। अतः परिश्रम ही वह साधना या माध्यम है जिसमें सफलता रूपी लक्ष्मी का वरण किया जा सकता है।

**प्रश्न :–**

1. इस गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।
2. परिश्रम करने वाले को प्रेरणा कहाँ से मिलती है?
3. किसी की सफलता किन बातों पर निर्भर करती है?
4. सुखमयय जीवन के लिए क्या आवश्यक है?
5. 'कायर' से क्या तात्पर्य है?
6. परिश्रम की मिशाल हमें किन से मिलती है?

**प्रश्न 18. दिए गए किसी एक विषय पर निबंध लिखिए –(250 शब्दों में )।**

1. स्वच्छता का महत्व
2. हमारा छत्तीसगढ़
3. विद्यार्थी जीवन में अनुशासन
4. अनावृष्टि के परिणाम